Raj Express (Indore) 14th Jun 2024, Page- 02

# आईआईटी इंदौर में आयोजित होगा जेईई उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए ओपन हाउस

● इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क

आईआईटी, इंदौर 15 जून को दोपहर 2.30 बजे जेईई (एडवांस्ड) में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों के लिए एक ओपन हाउस आयोजित करने जा रहा है। इससे उन्हें संस्थान के बारे में अधिक जानने का अवसर मिलेगा। इस दौरान, चाहे वह कैंपस लाइफ हो, प्लेसमेंट हो, रिसर्च हो, इंटरनेशनल एवेन्यू हों, खेल हो, संस्कृति हो, स्वास्थ्य हो, सुरक्षा हो या और कोई सुविधा हो, संस्थान के विभिन्न पहलुओं के बारे में सभी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी। इसके माध्यम से संस्थान के निदेशक, डीन, वरिष्ठ अधिकारियों और छात्र प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने का अवसर भी मिलेगा। इस तरह की जानकारियाँ और बातचीत संभावित छात्रों को यह समझने में मदद करती हैं कि संस्थान उन्हें अपने सपनों को वास्तविकता में बदलने में किस तरह मदद कर सकता है। यह कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा तथा अधिक जानकारी संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस वर्ष कुल 09 बीटेक कार्यक्रम ऑफ़र किए जा रहे हैं। जिनमें कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग एंड मैटेरियल्स साइंस, स्पेस साइंस एंड इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग, मैथमेटिक्स एंड कंप्यूटिंग शामिल हैं।